

ये प्रेम मोल लिया... पत्नी नहीं पति जाएगा ससुराल! मजेदार है फिल्म का ट्रेलर

ये प्रेम मोल लिया का ट्रेलर रिलीज हो गया है। आयुष्मान खुराना और शरवरी की फिल्म में शादी, प्यार और रिश्तों को लेकर नई सोच देखने को मिलेगी।

सूरज बड़जात्या की आने वाली फिल्म ये प्रेम मोल लिया का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। आयुष्मान खुराना और शरवरी स्टारर यह फिल्म एक पारिवारिक कहानी लेकर आ रही है। ट्रेलर में निर्देशक सूरज बड़जात्या का वही पारिवारिक अंदाज देखने को मिलता है, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। हालांकि, इस बार कहानी में एक आधुनिक सोच और रिश्तों को लेकर नया नजरिया भी शामिल किया गया है।

फिल्म में आयुष्मान खुराना प्रेम मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं, जबकि शरवरी पूर्वा सोलंकी की भूमिका में नजर आएंगी। ट्रेलर की शुरुआत एक गंभीर माहौल से होती है। इसमें प्रेम बताता है कि उसके पिता वेद मिश्रा (अनुपम खेर) ने उसकी होने वाली पत्नी पूर्वा के परिवार के खिलाफ केस कर दिया है। इसके बाद कहानी दर्शकों को पूर्वा के परिवार और उसकी जिम्मेदारियों से रूबरू कराती है।

ये प्रेम मोल लिया के ट्रेलर में क्या है खास?- ट्रेलर में सोलंकी निवास की झलक दिखाई जाती है, जहां 6 महिलाएं रहती हैं। पूर्वा और उसके माता-पिता पर इन सभी की देखभाल की जिम्मेदारी है। ऐसे में पूर्वा के लिए शादी के बाद अपना घर छोड़कर दूसरे परिवार में जाना आसान नहीं है।

पूर्वा की इस परेशानी को समझते हुए प्रेम एक अलग प्रस्ताव रखता है। वह फैसला करता है कि शादी के बाद लड़की की जगह लड़का यानी वह खुद अपनी पत्नी के घर जाकर रहेगा। यहीं से दो लोगों की शादी के साथ-साथ दो परिवारों के जुड़ने की दिलचस्प कहानी शुरू होती है।

आयुष्मान खुराना का आधुनिक प्रेम, पुरानी परंपराओं को देगा चुनौती-सूरज बड़जात्या की इस फिल्म में प्रेम का किरदार पारंपरिक सोच से अलग नजर आता है। वह सिर्फ पूर्वा से शादी नहीं करना चाहता, बल्कि उसकी जिम्मेदारियों और परिवार को भी अपनाने के लिए तैयार है।

फिल्म के जरिए शादी के बाद लड़की के घर छोड़ने की पुरानी परंपरा पर सवाल उठाया गया है। कहानी यह संदेश देती है कि रिश्तों में जिम्मेदारी सिर्फ लड़की की नहीं होती। अगर प्यार सच्चा है, तो दोनों को एक-दूसरे की परिस्थितियों और परिवार का सम्मान करना चाहिए।

फिल्म में बहू को परिवार का सौभाग्य बताया गया है, जबकि दामाद को भी एक जिम्मेदारी के रूप में पेश किया गया है। इस तरह कहानी रिश्तों में बराबरी और आपसी समझ का सकारात्मक संदेश देती है।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की याद दिलाता है ट्रेलर-ये प्रेम मोल लिया के ट्रेलर में कुछ ऐसे पल भी हैं, जो करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की याद दिलाते हैं। उस फिल्म में रॉकी और रानी ने अपनी शादी के लिए दोनों परिवारों को मनाने के मकसद से एक-दूसरे के घरों में समय बिताया था।

हालांकि, सूरज बड़जात्या की इस फिल्म में कहानी का नजरिया थोड़ा अलग है। यहां प्रेम अपनी होने वाली पत्नी के घर जाकर रहने का फैसला करता है। इसके जरिए वह शादी के बाद सिर्फ लड़की के घर छोड़ने की परंपरा को चुनौती देता है। फिल्म का यह विचार इसे एक खास पारिवारिक कहानी बनाता है।

हिमेश रेशमिया के संगीत ने बढ़ाया ट्रेलर का आकर्षण-फिल्म के ट्रेलर में हिमेश रेशमिया का संगीत भी सुनने को मिलता है। उनका संगीत कहानी के माहौल को और प्रभावशाली बनाता है। पारिवारिक रिश्तों, प्यार और भावनाओं से जुड़ी इस कहानी में संगीत अहम भूमिका निभाता नजर आता है। ट्रेलर का अंत भी एक खास डायलॉग के साथ होता है। इसमें प्रेम कहता है, इतना भी नहीं किया, तो क्या प्यार किया। यह डायलॉग फिल्म की पूरी सोच को सामने रखता है कि प्यार सिर्फ साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि एक-दूसरे की जिम्मेदारियों और परिवार को अपनाने का भी नाम है।



छोटे कपड़ों पर ट्रोल हुईं सोनारिका भदौरिया...

देवों के देव महादेव' में मां पार्वती का रोल निभाकर मशहूर हुईं सोनारिका भदोरिया को बिकिनी तस्वीरों के लिए जमकर ट्रोल किया गया था। अब एक्ट्रेस ने सालों बाद चुप्पी तोड़ी है। एक्ट्रेस ने ट्रोलर्स से साफ कहा है कि उन्हें अपनी पसंद के कपड़े पहनने के लिए किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने बेबाक अंदाज में कहा, 'मैं बिकिनी पहनूंगी। किसी के बाप का क्या जा रहा है।

टीवी एक्ट्रेस सोनारिका भदोरिया एक बार फिर अपने बेबाक बयान को लेकर चर्चा में हैं। 'देवों के देव... महादेव' में मां पार्वती का रोल निभाकर घर-घर पहचान बनाने वाली सोनारिका ने सालों पुराने बिकिनी विवाद पर चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया है, जिन्होंने उनके कपड़ों को लेकर सवाल उठाए थे। एक्ट्रेस का कहना है कि वह बिकिनी पहनेंगी और इसके लिए किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं है।

दरअसल, यह पूरा मामला साल 2016 का है। उस समय सोनारिका मॉरीशस वेकेशन पर गई थीं। वहां से उन्होंने बिकिनी में कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थीं। तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने उनके लिए 'संस्कारहीन' और 'बेशर्म' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं, कई यूजर्स ने भद्दे और अश्लील कमेंट भी किए। उन्होंने यह भी कहा कि वह यह सफाई क्यों दें कि उनके पति या पिता को उनके कपड़ों से कोई परेशानी नहीं है। असल बात यह है कि उन्हें खुद बिकिनी पहनने में कोई दिक्कत नहीं है। एक्ट्रेस ने अपनी बात समझाते हुए कहा कि अगर कोई पानी में जा रहा है तो वह बिकिनी ही पहनेगा। पानी में सूट पहनकर तो नहीं जा सकती। उनके मुताबिक, पर्दे पर निभाया गया किरदार और किसी की निजी जिंदगी दो अलग-अलग चीजें हैं। लोगों को दोनों के बीच फर्क समझना चाहिए। सोनारिका ने कहा कि उन्हें मां पार्वती के रोल के लिए दर्शकों से बहुत प्यार मिला और वह इसके लिए हमेशा शुक्रगुजार रहेंगी।

सोनारिका ने ट्रोलिंग के बावजूद खुद पर भरोसा बनाए रखा। उन्होंने अपनी पसंद के कपड़े पहनना नहीं छोड़ा। वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस इन दिनों एक्टिंग से ब्रेक पर हैं। फिलहाल वह अपनी पर्सनल लाइफ पर ध्यान दे रही हैं ।

नेगेटिव रोल निभाना चाहती हैं कृति सेनन



कृति सेनन पिछले दिनों विवादों में घिरी हुई थीं। रक्षाबंधन के मौके पर कृति सेनन ने ज्वैलरी ब्रांड जीवा के लिए राखी का ऐड किया था। रक्षाबंधन के इस ऐड में कृति सेनन अपने कपड़ों की वजह से विवादों में घिर गई थीं। मामले को बढ़ता देख ब्रांड ने विज्ञापन हटा लिया। अब कृति सेनन ने करीना कपूर के शो 'व्हाट वीमेन वॉन्ट' पर अपने इस विवाद और करियर को लेकर खुलकर बात की।

कृति सेनन ने करीना कपूर के शो व्हाट वीमेन वॉन्ट पर शिरकत की। एक्ट्रेस ने करीना के शो पर अपने आउटफिट को लेकर विवाद और करियर के बारे में खुलकर बात की। कृति सेनन ने बताया कि करियर की शुरुआत में उन्हें सिर्फ एक ही तरह के रोल्स ऑफर होते थे और अब वो कुछ अलग करना चाहती हैं।

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि अब फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए अच्छे रोल्स लिखे जा रहे हैं। कृति सेनन का कहना है कि मेकर्स अब महिलाओं के लिए अच्छे की जगह रियल किरदार लिखने पर फोकस कर रहे हैं।

कृति सेनन ने होस्ट करीना कपूर को बताया कि जब उन्होंने साल 2014 में 'हीरोपंती' से डेब्यू किया था तो उन्हें बहुत ऑफर नहीं मिलते थे। वो कहती हैं कि ऐसा है नहीं कि शुरुआत से ही आपको बहुत सारे ऑफर्स मिलने लगते हैं। कृति ने बताया कि शुरुआत में उन्हें जो गिने-चुने रोल्स मिलते थे उसमें वो सबसे अच्छा रोल चुनने की कोशिश करती थीं।

करीना ने उनसे पूछा कि अब वह किस तरह की भूमिका करना चाहती हैं, जो उन्हें उनके कंफर्ट जोन से बाहर ले जाए। इस सवाल के जवाब में कृति ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि जब वह फिल्म इंडस्ट्री में नई थीं, तब उनके पास बहुत सारे शानदार विकल्प नहीं हुआ करते थे। उन्हें जो किरदार ऑफर होते थे, उनको उन्हीं में से बेहतर विकल्प चुनना पड़ता था।

कृति ने कहा, 'आपको शुरुआत से ही सभी अच्छे मौके नहीं मिल जाते। काफी लंबे समय तक किरदार 'गुड गर्ल' वाले होते थे। लंबे वक्त तक महिलाओं को पुरुषों के नजरिए से देखा गया। वह 'सती-सावित्री' है, अच्छी लड़की है, शर्मीली है और उसे गुंडों से बचाने की जरूरत है। वह कभी कुछ गलत नहीं करती'। (कृति सेनन ने कहा कि वो पर्दे पर 'गुड गर्ल' यानी अच्छी लड़की का रोल अदा करके थक गईं। अब वो कुछ नया और अलग करना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि अब फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए अच्छे रोल्स लिखे जा रहे हैं। कृति सेनन का कहना है कि मेकर्स अब महिलाओं के लिए अच्छे की जगह रियल किरदार लिखने पर फोकस कर रहे हैं। वो अब ऐसे किरदार लिख रहे हैं जो ज्यादा रियल लगें और ज्यादा ह्यूमन हों। उन्होंने अपनी फिल्म 'तीन पत्ती' का जिक्र करते हुए कहा कि अब वो कुछ नेगेटिव और ग्रे टाइप के किरदार अदा करना चाहती हैं। (फोटो साभार अपने करीब 12 साल के फिल्मी करियर में कृति सेनन ने अलग-अलग किरदारों के जरिए बार-बार अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। उन्हें 'मिमी' में शानदार अभिनय के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। इसके अलावा वह 'बरेली की बर्फी', 'दिलवाले', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' और 'क्रू' जैसी सफल फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं।)

होमी अदजानिया के निर्देशन में बनी 'कॉकटेल 2' में भी कृति की परफॉर्मेंस को दर्शकों और समीक्षकों से सराहना मिली। 'कॉकटेल 2' में कृति सेनन के अभिनय के साथ ही उनके हॉट एंड सिजलिंग लुक ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं।



काश!...लिव-इन में रह लेती राम्या कृष्णन

बाहुबली में शिवगामी देवी का दमदार किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाली एक्ट्रेस राम्या कृष्णन ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर उड़ रही अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है। पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि राम्या और उनके पति, फिल्ममेकर कृष्णा वामसी के बीच सबकुछ ठीक नहीं है और दोनों अलग हो चुके हैं। उन्होंने साफ किया है कि दोनों अभी भी शादीशुदा हैं, लेकिन अपनी सुविधा के हिसाब से अलग-अलग शहरों में रहते हैं। इतना ही नहीं, राम्या ने शादी को ओवररेटेड बताते हुए यह भी कहा कि शायद उन्हें शादी करने के बजाय लिव-इन में रहने के लिए हां कह देनी चाहिए थी।

राम्या कृष्णन ने हाल ही में रॉ टॉक्स विद वी। के। पॉडकास्ट में अपनी शादी और पति कृष्णा वामसी के साथ रिश्ते पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि दोनों अलग-अलग शहरों में क्यों रहते हैं और उनका रिश्ता किस तरह काम करता है। राम्या ने यह भी कहा कि शादी के बाद कई बार कपल को अपने रिश्ते से ज्यादा परिवार और शादी से जुड़े लोगों को जवाब देना पड़ता है।

राम्या कृष्णन ने बताई पति से अलग शहर में रहने की वजह- पॉडकास्ट में जब राम्या से उनके और कृष्णा वामसी के अलग होने की खबरों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, हम अभी भी पूरी तरह से शादीशुदा हैं। लेकिन हम अपनी सुविधा और खुशी के हिसाब से दो अलग-अलग शहरों में रह रहे हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उन्होंने एक टीवी शो की शूटिंग शुरू की थी, तब उनका बेटा बड़ा हो रहा था और परिवार हैदराबाद में रहता था। उस दौरान वह हर 15 दिन में चेन्नई आती थीं। लेकिन तेलंगाना आंदोलन के समय हड़ताल और स्कूल बंद होने की वजह से उनके और बेटे के लिए काफी मुश्किलें होने लगीं। राम्या ने बताया कि जब भी वह काम के सिलसिले में शहर से बाहर जाती थीं, उनका बेटा बीमार पड़ जाता था। ऐसे में उन्होंने उसे चेन्नई के एक स्कूल में दाखिला दिलाने का फैसला किया। इसी वजह से दोनों अलग-अलग शहरों में रहने लगे।

शादी को बताया ओवररेटेड- राम्या कृष्णन ने बातचीत के दौरान शादी को जरूरत से ज्यादा अहमियत देने वाली चीज बताया। उन्होंने कहा कि शायद उन्हें कृष्णा वामसी के साथ शादी करने के बजाय लिव-इन में रहना चाहिए था। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि एक रिश्ते में शादी को जरूरत से ज्यादा अहमियत दी जाती है। शादी तब होनी चाहिए जब इसकी जरूरत हो। असल में, वामसी बार-बार कहता था कि शादी क्यों करनी है? चलो साथ में लिव-इन में रहते हैं। शायद मुझे तब हां कह देनी चाहिए थी। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि शादी में परिवार और आस-पास के बहुत सारे लोग शामिल हो जाते हैं, और फिर आप उस इंसान के साथ अपने रिश्ते के बजाय, शादी के उस बंधन के प्रति ज्यादा जवाबदेह हो जाते हैं। मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि उस इंसान के साथ मेरा रिश्ता एकदम सही है; और यह हमेशा ऐसा ही रहेगा।

राम्या कृष्णन के आने वाले प्रोजेक्ट्स- उनकी आने वाली फिल्मों में राका, श्री श्री, पॉकेट नॉवेल और तेरा यार हूं मैं शामिल हैं। इसके अलावा बग बॉस 10 तमिल में गेस्ट होस्ट के तौर पर नजर आई थीं।



मां पर कुर्बान की जिंदगी! नहीं करना चाहती शादी...

आज अरिश्फा कामयाबी की राह पर हैं, लेकिन बचपन के जख्म अब भी उनके दिल में कहीं मौजूद हैं। बातचीत में मां के खुलासे ने एक्ट्रेस की जिंदगी का ऐसा पहलू सामने रखा है, जिसे जानकर कोई भी भावुक हो जाए।

मां ने कहा कि अरिश्फा छोटी थी जब उसके पापा छोड़कर चले गए थे। वो दो-तीन साल की थी। वो नानी के पास रहती थी, लेकिन मैं कमाने मुंबई आ गई थी, क्योंकि मैं थियेटर आर्टिस्ट हूं, लेकिन कई ऑडिशन्स देने के बाद भी काम नहीं मिला, फिर मैंने स्टंट्स किए।

फिर कुछ वक्त बाद बेटी मुंबई आई तो लोगों को उसका बोलचाल बहुत अच्छा लगता था। लोग कहते थे कि इसे फिल्मों में लगाओ। वो पहली बार में ही ऑडिशन में पास हो गई तो मैं सब छोड़कर उसका करियर सेट करने में लग गई।

मां ने बताया कि इस वजह से अरिश्फा की पढ़ाई नहीं हो पाई। हालांकि दसवीं तक उसने रेगुलर पढ़ाई की, फिर 12वीं ओपन से की। लेकिन हर दिन 15 घंटे शूट करने पर पढ़ाई नहीं हो पाती थी, वो महीने में 25 दिन तो शूट करती थी। अरिश्फा की मां ने कहा कि ये बात उसके दिल में घर की हुई है, क्योंकि स्कूल ठीक से न जाने की वजह से उसे क्लास के बच्चे भी चिढ़ाते थे। शूटिंग लाइन में बचपन के दोस्त भी उससे मतलब के लिए दोस्ती रखते थे। काम की वजह से अरिश्फा को अंग्रेजी पढ़ने-लिखने में भी दिक्कत होती थी।

अरिश्फा की मां ने बताया कि वो चाहती हैं बेटी अपनी जिंदगी में आगे बढ़े और शादी करे। वो बेटी से कहती हैं कि जब शादी करनी हो तो जरूर बताए, लेकिन एक्ट्रेस का कहना है कि वो मां को अकेले नहीं छोड़ना चाहतीं।

मां के मुताबिक अरिश्फा कहती हैं- मुझे शादी नहीं करनी अभी, करियर बनाना है। मां को अकेला छोड़कर कैसे जाऊंगी। कैसे अकेले रहेंगी।

कॉमेडी-थ्रिलर में अक्षय का धमाका

बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार के लिए साल 2026 मिला-जुला रहा है. इस साल की शुरुआत में उनकी फिल्म 'भूत बंगला' बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी. लेकिन इसके बाद प्रियदर्शन के डायरेक्शन में आई उनकी फिल्म 'हैवान' उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई. और बॉक्स ऑफिस पर पिट गई. हालांकि, एक बार फिर दोनों की जोड़ी अपनी मजबूत जॉनर यानी कॉमेडी की तरफ लौट रही है. इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है. चर्चा है कि अक्षय कुमार के अपोजिट लीड रोल के लिए एक्ट्रेस को फाइनल कर लिया गया है.

दरअसल अक्षय कुमार ने डायरेक्टर प्रियदर्शन के साथ एक नई अनटाइटल्ड कॉमेडी-थ्रिलर फिल्म के लिए हाथ मिलाया है. जो 1970 के दशक के बैकग्राउंड पर बेस्ड होगी. हालांकि, अक्षय कुमार के अपोजिट लीड रोल के लिए भूमि पेडनेकर को चुना गया है. खुद डायरेक्टर प्रियदर्शन ने बातचीत में भूमि की कास्टिंग पर मुहर लगाई है.

इस फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर तीसरी बार साथ में काम करने वाले हैं. इससे पहले दोनों ने 'टॉयलेट- एक प्रेम कथा' और 'रक्षाबंधन' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है. जहां 'टॉयलेट' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी. वहीं 'रक्षाबंधन' को दर्शकों का खास प्यार नहीं मिला था. अब इस नई कॉमेडी-थ्रिलर में एक बार फिर दोनों की केमिस्ट्री देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं।